E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0 : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0 आरोप (लखीसराय)–07/2025 2148 **पटना, दिनांक** : 25/06/2026

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, लखीसराय के पत्रांक–238 दिनांक 30.04.2026 द्वारा श्री देवानंद कुमार राम (AEN04220) एवं श्री विकास कुमार (AEN04315), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध लगातार बिना किसी सूचना के कार्यस्थल से बार–बार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने संबंधीत कतिपय आरोप प्रतिवेदित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में निदेशालय के पत्रांक 1849 दिनांक 04.06.2026 द्वारा श्री देवानंद कुमार राम एवं श्री विकास कुमार से 07 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इन दानों के द्वारा अपना–अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया।

बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित आरोप एवं श्री देवानंद कुमार राम एवं श्री विकास कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण तथ्यात्मक नहीं है एवं बिना सूचना के अथवा बिना अवकाश स्वीकृति के अपने कार्यस्थल से बार–बार अनुपस्थित रहना अनुशासनहीनता एवं मनमानेपन को परिलक्षित करता है।

चूँकि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाना है। उक्त दानों अमीन का कार्यस्थल से बार–बार अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है, इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के फलस्वरूप **बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधित नियमावली, 2022 की कंडिका–8 (04)** के तहत तत्काल प्रभाव से श्री देवानंद कुमार राम (AEN04220) एवं श्री विकास कुमार (AEN04315), विशेष सर्वेक्षण अमीन का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

Suharsh 25/06/26
(सुहर्ष भगत)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0 आरोप (लखीसराय)–07/2025 2148 **पटना, दिनांक** 25/06/2026

प्रतिलिपि : श्री देवानंद कुमार राम (AEN04220) एवं श्री विकास कुमार (AEN04315), विशेष सर्वेक्षण अमीन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 25/06/26
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0 आरोप (लखीसराय)–07/2025 2148 **पटना, दिनांक** : 25/06/2026

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 25/06/26
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\JYOTI 2026\Jitendra sir\Order\Director\07-2025 24.06.2026 (Terminate) Lakhisarai.doc

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0 (5) क्षे0 आरोप (लखीसराय)–07 / 2025 2148 **पटना, दिनांक** 25/06/2026

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत इसकी व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करें हेतु प्रेषित।

25/06/26

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

D:\JYOTI 2026\Jitendra sir\Order\Director\07-2025 24.06.2026 (Terminate) Lakhisarai.doc